**परिक्षेत्रीय कार्यालय,**
**परिक्षेत्र बस्ती**

**प्रेस नोट**
**दिनांक – 01-08-2025**

- **डीआईजी बस्ती द्वारा समस्त राजपत्रित अधिकारी व थाना प्रभारीगण के साथ पुलिस लाइन सभागार सिद्धार्थनगर में की गयी अपराध गोष्ठी।**
- **पुलिस लाइन में ट्रेनिंग कर रहे आरक्षीगण से की गयी वार्ता।**
- **संबंधित को दिये आवश्यक दिशा निर्देश।**

आज दिनांक 01.08.2025 को पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी द्वारा पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर में रिक्रूट आरक्षीगण से वार्ता की गयी । संबंधित को रिक्रूट आरक्षियों की मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने ,ट्रेनिंग शेड्यूल के अनुसार कराने, प्रशिक्षण की गुणवत्ता का ध्यान रखने हेतु निर्देशित किया गया । तत्पश्चात समस्त राजपत्रित अधिकारी व थाना प्रभारीगण के साथ पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर सभागार में अपराध गोष्ठी की गयी । डीआईजी बस्ती द्वारा लंबित विवेचनाओं के निस्तारण व वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी करने, चोरी,नकबजनी की घटनाओं मे प्रभावी कार्यवाही करने , थाने में आने वाले आगंतुक/ पीड़ित/फरियादियों से सहानुभूति व सम्मान पूर्वक व्यवहार करने तथा उनकी समस्या/शिकायत को सुनकर यथाशीघ्र विधिक निस्तारण करने,थानों में खड़े वाहनों के संबंध में आपरेशन क्लीन के तहत कार्यवाही करने, सक्रिय अपराधियों व दुराचारियों की निगरानी करने, नेपाल बार्डर पर समय-समय पर संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग करने, सभी को साइट्रेन व I-GOT कर्मयोगी पोर्टल पर की ट्रेनिंग कराने हेतु निर्देशित किया गया ।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर सहित क्षेत्राधिकारीगण व थाना प्रभारीगण व अन्य अधि0/कर्म0गण उपस्थित रहे ।

**मीडिया सेल**
**परिक्षेत्र बस्ती**